**समाचार** विज्ञपति

# प्रीमियर मजबूत, विविध समुदायों के लिए प्रतिबद्ध है

14 अप्रैल, 2023

## प्रीमियर डेनियल स्मिथ ने बहुसंस्कृतिवाद के बारे में प्रीमियर की कौंसिल (Premier's Council on Multiculturalism) बनाई है, एक कौंसिल जिसका उद्देश्य अल्बर्टा में बहुसंस्कृतिवाद को बढ़ावा देना है।

अल्बर्टा विभिन्न पृष्ठभूमियों, धर्मों और संस्कृतियों के लोगों का घर है। अल्बर्टा की सरकार का मानना है कि यह बहुसंस्कृतिवाद उस ताने-बाने का एक आंतरिक हिस्सा है जो प्रांत को एक साथ जोड़ता है। बहुसंस्कृतिवाद के बारे में प्रीमियर की नई कौंसिल यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार को सलाह देगी कि अल्बर्टा के समुदाय अधिक मजबूत और सभी के लिए अधिक स्वागत करने वाले बनें।

नई कौंसिल सांस्कृतिक विविधता, सामाजिक समावेश और शैक्षिक आदान-प्रदान को सर्वोत्तम समर्थन, प्रेरणा और बढ़ावा देने के तरीकों पर सलाह देगी। यह काम समावेशी समुदायों के निर्माण में मदद करना जारी रखेगा जहां लोग सराहा गया, मूल्यवान और सम्मानित महसूस करते हैं।

"अलबर्टा की विविधता हमारी सबसे बड़ी शक्तियों में से एक है और हमारे प्रांत में सभी के लिए एक उज्जवल भविष्य के निर्माण में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हमारा लक्ष्य उस प्रांत को आकार देना जारी रखना है जहां हर कोई महसूस करता है कि वे संबंधित हैं, जहां किसी व्यक्ति की संस्कृति, भाषा और धर्म का न केवल सम्मान किया जाता है बल्कि उसे महत्व भी दिया जाता है। मैं इसे हासिल करने में हमारी मदद करने के लिए नई कौंसिल के काम की प्रतीक्षा कर रही हूं।"

*डेनियल* स्मिथ, *प्रीमियर*

दो सह-अध्यक्षों, सुमिता आनंद और फिलोमिना ओकेके-इहेजिरिका के नेतृत्व में, 30-सदस्यीय कौंसिल अल्बर्टा की सरकार को प्रांत में प्रतिनिधित्व करने वाले विविध समुदायों के साथ मजबूत संबंध बनाने के प्रयासों में मदद करेगी। क्रॉस-सांस्कृतिक जागरूकता, समझ और प्रशंसा पैदा करके, अल्बर्टा निवासी बेहतर ढंग से नए और मजबूत संबंध बनाने में सक्षम होंगे।

"मुझे बहुसंस्कृतिवाद के बारे में प्रीमियर की कौंसिल के निर्माण की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। बहुसंस्कृतिवाद अल्बर्टा के सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने का एक प्रमुख स्तंभ है। इस कौंसिल में शामिल समुदाय के नेता हमारे प्रांत में विविध समुदायों की जरूरतों, मुद्दों और चिंताओं को बेहतर ढंग से स्पष्ट करने के लिए अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टियों और अनुभवों का लाभ उठाएंगे। अलबर्टा अवसर और आशा की एक किरण है। हम इस प्रांत को अपना घर बनाने के लिए दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करते हैं। यह घोषणा यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है कि अल्बर्टा सभी अल्बर्टा निवासियों के लिए एक स्वागत करना वाला, समावेशी और सुरक्षित समुदाय बना रहे।

*राजन साहनी, ट्रेड, इम्मिग्रेशन और मल्टीकलचरिज़्म मंत्री*

## अल्बर्टा की नस्लवाद विरोधी कार्य योजना

अलबर्टा की सरकार नस्लवाद और नफरत के सभी रूपों की स्पष्ट रूप से निंदा करती है। यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर जुड़ाव और कार्रवाई की जाएगी कि बहुसंस्कृतिवाद अल्बर्टा के समाज का एक स्तंभ बना रहे और हर कोई भेदभाव और नफरत से मुक्त होकर अल्बर्टा को अपना घर कह सके।

बहुसंस्कृतिवाद के बारे में प्रीमियर की कौंसिल 2022 में बनाई गई अल्बर्टा ऐंटी-रेसिज़म ऐडवाइज़री कौंसिल (AARAC) के काम को पूरा करने में मदद करेगी।

2022 में, AARAC ने अपनी रिपोर्ट अल्बर्टा की नस्लवाद विरोधी कार्य योजना: विविधता और समावेशन को मजबूत करना, जारी की जिसने अल्बर्टा के निवासियों को एक-दूसरे को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करने कि लिए, अल्बर्टा की सरकार के लिए कार्रवाई के 28 मदों की पहचान की। आज तक, कार्रवाई की सात मदें पूरी हो चुकी हैं, 12 चल रही हैं और नौ जांच और कार्रवाई के लिए तैयार हैं। इन मदों के अलावा, अल्बर्टा की सरकार ने कार्रवाई की है, जिसमें कार्डिंग की प्रथा को समाप्त करना, *पुलिस एक्ट* में सुधार करना, अल्बर्टा हेट क्राइम कोऑर्डिनेशन यूनिट और हेट क्राइम पर कम्युनिटी लाइजन बनाना, सिक्योरिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर ग्रांट प्रोग्राम तैयार करना, नस्लवाद-विरोधी और जातीय-सांस्कृतिक अनुदानों की स्थापना, और व्यापार कौशलों और नौकरी प्रशिक्षण के लिए जातीय-सांस्कृतिक अनुदान प्रदान करना शामिल है।

अल्बर्टा नस्लवाद विरोधी कार्य योजना में पहचानी गई प्रत्येक पहल के महत्व को स्वीकार करते हुए, प्रीमियर स्मिथ ने संबंधित मंत्रियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंत तक प्रत्येक एक्शन आइटम को पूरा करने का निर्देश दिया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए, प्रीमियर स्मिथ ने प्रतिबद्धता की है कि पहलों को पूरा करने के लिए जहां आवश्यक होगा, वहां पूरी फंडिंग उपलब्ध कराई जाएगी।

"अलबर्टा लंबे समय से विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और जातियों के लोगों से बने बहुसांस्कृतिक मोज़ेक के रूप में जाना जाता है। अवसर की भूमि, लेकिन एक ऐसी भूमि जो अभी भी हमारे प्रांत में नस्लीय लोगों के लिए चुनौतियों के साथ आती है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता को संबोधित करने के लिए समर्पित ध्यान देने की आवश्यकता है, और मुझे खुशी है कि बहुसंस्कृतिवाद के बारे में प्रीमियर की कौंसिल अल्बर्टा की अगली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अल्बर्टा की ऐंटी-रेसिज़म ऐडवाइज़री कौंसिल के साथ काम करेगी।"

*केसी माडु, हुनरमंद ट्रेडज़ और व्यवसायों की मंत्री*

## महत्वपूर्ण तथ्य

- अलबर्टा में 4,177,720 लोगों में से:
    - 27.8 प्रतिशत (1,161,420) दृश्यमान अल्पसंख्यक हैं
    - 23.2 प्रतिशत (970,975) अप्रवासी हैं
    - 6.8 प्रतिशत (284,465) इन्डिजनस हैं
- विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों (दृश्यमान अल्पसंख्यक आबादी) से अल्बर्टा निविसियों की हिस्सेदारी 1996 में 269,280 से 2021 में चौगुनी से अधिक बढ़कर 1,161,420 हो गई है।
- पूर्ण कौंसिल सदस्यता में शामिल हैं:
    - सुमिता आनंद (सह-अध्यक्ष)
    - फिलोमीना ओकेके-इहेजिरिका (सह-अध्यक्ष)
    - अली इल्तायेब
    - अली रक्का
    - अल्फोंस अहोला
    - बूटा सिंह रेहिल
    - चार्ल्स यैंग
    - चार्ली वू
    - डाहलिया मोस्तफा
    - एबेनीज़र असारे

- एरिक एस्ट्राडा
- हुसैन वारसामे
- रेखा गढ़िया
- शेरिसा सेलिस
- सुन जोंग चुन
- तारिक खान
- थॉमस चेक
- वाले बालोगुन
- बसीर सालेह
- गुरबचन सिंह पॉल
- हौली माह
- जैकी हैल्पर्न
- जिब्रील इब्राहिम
- जस्टिन जिमी
- पेमेन इस्माइली
- रिक वाल्टर्स
- रोलैंडो इंजुंजा
- थॉमस एपेन
- वर्जीनिया सुमालिनोग
- शेलिजा क्लूज

- परिषद के सदस्य यह करने के तरीकों का अन्वेषण करेंगे:
    - क्रॉस-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देना और बहुसांस्कृतिक समुदायों का जश्न मनाना
    - विविध सामाजिक अंतःक्रियाओं के लिए नवीन सांस्कृतिक पहलों और अवसरों का समर्थन करना
    - विविधता के महत्व के बारे में शैक्षिक पहलें और सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना
    - इन्डिजनस लोगों और नवागंतुकों के लिए अपने कौशलों और प्रतिभाओं को साझा करने और अल्बर्टा की अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान करने के अवसरों में वृद्धि करना
    - एक ऐसा प्रांत बनाना जहां हर कोई महसूस करे कि वे शामिल हैं और उनकी संस्कृतियों और विरासत को महत्व दिया जाता है
    - अलबर्टा नस्लवाद विरोधी कार्य योजना में उल्लिखित कदमों को लागू करने में मदद करना

- कार्यस्थल और नौकरी से संबंधित भेदभाव से निपटने के लिए अलग-अलग नस्ल-आधारित डेटा संग्रह को संबोधित करने के लिए नस्लवाद विरोधी कानून पेश करना
- घृणा अपराध कानून में सुधार के लिए संघीय सरकार के साथ काम करना जारी रखना
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित पेशेवरों के लिए परामर्श कार्यक्रम स्थापित करना

## संबंधित जानकारी

- बहुसंस्कृतिवाद के बारे में प्रीमियर की कौंसिल
- अल्बर्टा की नस्लवाद विरोधी कार्य योजना - विविधता और समावेशन को मजबूत करना
- अल्बर्टा की ऐंटी-रेसिज़म ऐडवाइज़री कौंसिल

## मल्टीमीडिया

- न्यूज़ कॉन्फ्रेंस देखें
- न्यूज़ कॉन्फ्रेंस को सुनें